पत्रांकः– 1732 दिनांकः– 20/06/2023

**बिहार सरकार**

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग,

**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

## आवश्यक सूचना

## विज्ञापन सं०–04/2020 – 09/2020 आयुष चिकित्सा पदाधिकारी

आयुष चिकित्सा पदाधिकारी हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं०–04/2020 से 09/2020 अन्तर्गत दिनांक–25.09.2020 से 24.10.2020 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया था तथा विधान सभा चुनाव के कारण दिनांक–20.11.2020 तक ऑनलाईन आवेदन हेतु तिथि विस्तारित करते हुए आवेदन प्राप्त किया गया।

इस क्रम में समादेश याचिका सं०–8888/2020 में मा० उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–09.03.2021 को पारित आदेश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–499, दिनांक–19.05.2021 के द्वारा दिये गये निदेश के अनुसार वैसे सभी अभ्यर्थी जो अधिकत्तम उम्र सीमा समाप्त हो जाने के कारण उक्त अवधि में आवेदन करने के योग्य नहीं थे, को कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा में 12 वर्षो का छूट प्रदान करते हुए दिनांक–22.10.2021 से 02.11.2021 तक अवधि विस्तारित कर आवेदन प्राप्त किया गया।

पुनः समादेश याचिका सं०–8690/2020 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक–969(आ०चि०), दिनांक–08.11.2021 के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा में 16 वर्षों का छूट प्रदान करते हुए दिनांक–10.12.2021 से 17.12.2021 तक Online आवेदन हेतु तिथि विस्तारित किया गया था।

पुनः LPA No.-572/2022 तथा LPA No.-573/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक–425(आ०चि०), दिनांक–10.05.2023 तथा पत्रांक–479(आ०चि०), दिनांक–25.05.2023 के आलोक में कोटिवार 23 वर्षों का छूट उम्र सीमा में निम्नवत् दिया गया हैः–

| कोटि | अधिकत्तम उम्र सीमा |
|---|---|
| अनारक्षित (पुरूष) | 37+23 वर्ष |
| अनारक्षित (महिला), पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) | 40+23 वर्ष |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग (पुरूष एवं महिला) | 42+23 वर्ष |

तद्नुसार वैसे अभ्यर्थी जो 23 वर्षों का छूट उम्र सीमा में नहीं रहने के कारण Online आवेदन नहीं कर सकें थे **मात्र उनके लिए** ऑनलाईन आवेदन करने हेतु **दिनांक–22.06.2023 से 01.07.2023 तक** तिथि निर्धारित किया जाता है।

**नोटः–**(i) उक्त अवधि में वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में ऑनलाईन आवेदन करने के योग्य थे (16 वर्षों का आयु सीमा में छूट से अच्छादित अभ्यर्थियों सहित) किन्तु उनके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थी इस विस्तारित अवधि में आवेदन करने के योग्य नहीं होगें एवं उनके द्वारा किया गया ऑनलाईन आवेदन मान्य नहीं होगा।

(ii) विज्ञापन की शेष सभी शर्ते पूर्ववत लागू रहेंगे, जिसे www.btsc.bih.nic.in/ayush.pdf एवं www.pariksha.nic.in पर जाकर देखा जा सकता है।

(iii) कार्य अनुभव हेतु निर्धारित तिथि में विस्तार नहीं किया गया है।

(iv) अंतिम रूप से चयन के क्रम में 67 वर्ष उम्र सीमा पार कर गये अभ्यर्थियों को चयनसूची में शामिल नहीं किया जायेगा।

20.6.2022

उप सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\AAYUSH CHIKITSA\SUCHNA JANSAMPARK_4